दिन– गुरूवार दिनांक– 06/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, पार्टी सिर्फ एक परिवार की होकर रह गयी है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लखीसराय और शेखपुरा जिले में पांच सौ अठ्हत्तर करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार की अंशिका कुमारी ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। बिहार के खाते में अब तक सात पदक।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया। न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की आ सकती है गिरावट।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पार्टी सिर्फ एक परिवार की होकर रह गयी है। प्रधानमंत्री आज राज्यसभा में संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस से सबका साथ, सबका विकास की अपेक्षा करना बेमानी है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि देश के लोगों ने एनडीए के विकास मॉडल को स्वीकार करते हुए लगातार तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना को मानदंड मानकर उनकी सरकार काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार मध्यम वर्ग और नव मध्यम वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम को मजबूत बनाया। अन्य पिछड़ा वर्ग की पुरानी मांग को पूरी करते हुए ओबीसी आयोग का गठन किया गया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीबों को दस प्रतिशत आरक्षण की सुविधा प्रदान की।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रेरणादायक और प्रभावी बताते हुए कहा कि अभिभाषण ने देश को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौबीस फरवरी को भागलपुर के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि श्री मोदी भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे।

———बाइट———

---

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण आठ एपिसोड के एक नए प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में दस फरवरी को आयोजित किया जायेगा। परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है जिसमें भारत तथा विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करते हैं तथा जीवन को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए परीक्षा के तनावों से उबरने को लेकर सकारात्मक बातचीत करते हैं। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

---

किशनंगज में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा और जदयू समेत सभी पांचों घटक दल के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि विकसित बिहार के सपने को पूरा करने के लिए लोग एनडीए के प्रति अपना विश्वास जता रहे हैं।

———बाइट——

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान लखीसराय और शेखपुरा जिले में पांच सौ अठ्हत्तर करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने कहा कि लखीसराय की सीमा पर स्थित पचना से नालंदा जिले के सरमेरा तक ग्रीनफील्ड रोड का निर्माण करवाया जाएगा। श्री कुमार ने लाली पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक स्थल को संरक्षित करने और सतसंडा पहाड़ पर पर्यटकीय सुविधाओं के निर्माण और विकास की भी घोषणा की। शेखपुरा जिले में अपनी प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने मटोखर दह को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने और बरबीघा स्थित सामस विष्णुधाम परिसर के सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की।

---

और अब खबरें महाकुंभ से.......

–––म्यूजिक–––

प्रयागराज महाकुंभ में आज जनजातीय सांस्कृतिक समागम, दो हजार पच्चीस के तहत युवा कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसमें देश भर से आठ हजार से अधिक आदिवासी युवा भाग ले रहे हैं।

–––रिपोर्ट–––

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत पांच दिनों तक चलने वाले जनजातीय सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य जनजातीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि दुनिया में जितने भी बदलाव हुए हैं वे युवाओं के कारण हुए हैं। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करें।

ये परदे के पीछे से जो समाज को दिग्भ्रमित करने वाली राष्ट्र, धर्म, संस्कृति विरोधी शक्तियां हैं और उनको पहचानने की आवश्यकता है, पहचान कर हमको सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए हमको सामूहिक रूप से अपने विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में हमें प्रयत्न करने की आवश्यकता है।

इस कार्यक्रम के दौरान सभी जनजातीए युवाओं ने जनजातीए संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अलग–अलग प्रदेशों के 25 युवाओं को सम्मानित किया जाएगा, जो जनजातीए समाज के लोगों के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। इस जनजातीए सांस्कृतिक समागम के दौरान देशभर के 120 सांस्कृतिक नृत्य दल अपनी प्रस्तुति देंगे। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।

---

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार ने एक और पदक अपने नाम किया है। मुंगेर की अंशिका कुमारी ने तीरंदाजी के रिकर्व प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उनका मुकाबला ओलंपियन दीपिका कुमारी से था, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता है। अंशिका को चार–छह से हार का सामना करना पड़ा। बिहार की टीम ने अबतक राष्ट्रीय खलों में सात पदक अपने नाम किया है। इसमें चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

---

मुजफ्फरपुर के कांटी थाना हाजत में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने थाना में घुसकर तोड़–फोड़ की। लोगों ने एक महिला पुलिसकर्मी से राईफल छिनने की भी कोशिश की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई के कारण हिरासत में लिए गये युवक की मौत हुई। वहीं, पुलिस ने आत्महत्या की बात कही है। इस बीच, वरीय पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

---

मोकामा के नौरंगा गांव में पिछले दिनों हुई गोलीबारी के मामले में पटना स्थित एमपी–एमएलए अदालत ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद अनंत सिंह को बेऊर जेल भेज दिया गया है।

---

पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और भोजपुर जिले के पांच–पांच सरकारी विद्यालयों में छात्रों की टैबलेट के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले कक्षा तीन के छात्रों की उपस्थिति टैबलेट के माध्यम से दर्ज होगी। इन जिलों के चिन्हित विद्यालयों में दस फरवरी से नई व्यवस्था प्रभावी होगी।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पछुआ हवा के प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में कल सुबह घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मोतिहारी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

मधुबनी से उत्पाद विभाग की टीम ने पांच महिला तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इधर, अररिया जिले के घूरना सीमा से एसएसबी के जवानों ने एक महिला को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है।

---

पूर्णिया जिले के जानकी नगर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों हुई लूट के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगिया टांड़ गांव के पास एक ट्रैक्टर के पलट जाने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी प्रतिमा विसर्जन के बाद घर लौट रहे थे।

---

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीपुर पंचायत स्थित भेंगाधार के पास अपराधियों ने एक फाइनान्स कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक जदयू के नेता बताये जाते हैं।

---

सीतामढ़ी के कुख्यात अपराधी गुलाब नदाफ को उसके एक सहयोगी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

---

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के मठिया गांव में दो पक्षों के बीच आपसी बर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति के घर से अस्सी कारतूस और दो बोतल शराब समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, पार्टी सिर्फ एक परिवार की होकर रह गयी है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लखीसराय और शेखपुरा जिले में पांच सौ अठ्हत्तर करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

03. देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार की अंशिका कुमारी ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। बिहार के खाते में अबतक सात पदक।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान ठंड में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया। न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की आ सकती है गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।